Tender Heart High School, Sector - 33-B Chandigarh.

कक्षा - नौवीं

विषय - हिन्दी साहित्य
शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

## पुस्तक : 'साहित्य सागर'

पुनरावृत्ति पाठ - 1 'बात अठन्नी की' लेखक - सुदर्शन
पाठ - 2 'काकी' लेखक - सियारामशरण गुप्त

(छात्रों को इस सप्ताह पाठ - 1 एवं पाठ - 2 की पुनरावृत्ति करने के लिए दी जा रही है। छात्र इन दोनों पाठों को पहले पढ़ेंगे, समझेंगे तथा दिए प्रश्नोत्तर को पाठ की सहायता से स्वयं करने का प्रयास करेंगे।)

1. निम्नलिखित अवतरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखो :-

"बस इतनी-सी बात! हमारे शेख साहब तो उनके भी गुरु हैं।"

'बात अठन्नी की'
लेखक - सुदर्शन

प्रश्न (i) वक्ता और श्रोता कौन-कौन है? दोनों का परिचय दीजिए।

प्रश्न (ii) 'बस इतनी-सी बात' — पंक्ति का व्यंग्य स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न (iii) 'शेख साहब तो उनके भी गुरु हैं' — इस वाक्य में 'शेख साहब' और 'उनके' शब्दों का प्रयोग किस-किस के लिए किया गया है?

प्रश्न (iv) वक्ता ने 'शेख साहब' के संदर्भ में श्रोता से अपनी विवशता के संबंध में क्या-क्या कहा?

2. निम्नलिखित अवतरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखो :-

" हुजूर, मेरा पहला अपराध है, इस बार माफ़ कर

दीजिए। फिर गलती न होगी।

'बात अठन्नी की'
लेखक - सुदर्शन

प्रश्न (i) यहाँ वक्ता कौन है और श्रोता कौन है? वह किस गलती की माफ़ी माँग रहा है?
प्रश्न (ii) वक्ता को माफ़ी मिली या नहीं? यदि नहीं तो उसके साथ क्या हुआ?
प्रश्न (iii) किसकी आँखों में खून उतर आया? क्यों?
प्रश्न (iv) लेखक ने पाठ के अंत में क्या व्यंग्य किया है?

प्रश्न 3 निम्नलिखित अवतरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखो :-

" फ़ैसला सुनकर रमज़ान की आँखों में खून उतर आया।"

'बात अठन्नी की'
लेखक - सुदर्शन

प्रश्न (i) रमज़ान कौन था? उसका परिचय दीजिए।
प्रश्न (ii) फ़ैसला किसने सुनाया था? उसकी चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
प्रश्न (iii) फ़ैसला सुनकर रमज़ान क्या सोचने लगा?
प्रश्न (iv) 'बात अठन्नी की' कहानी द्वारा लेखक ने क्या संदेश दिया है?

प्रश्न 4. निम्नलिखित अवतरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखो :-

" देखो, खूब अकेले में लाना, कोई जान न पाए।"

'काकी'
लेखक - सियारामशरण गुप्त

प्रश्न (i) वक्ता और श्रोता कौन - कौन है? दोनों का परिचय दीजिए।
प्रश्न (ii) वक्ता ने श्रोता को अकेले में लाने के लिए क्यों कहा? उसे किस बात का भय था?

प्रश्न (iii) वक्ता ने उससे क्या मँगवाया? उस वस्तु को लाने के लिए उसने उसे कितने पैसे दिए? वे पैसे उसने कहाँ से प्राप्त किए थे और क्यों?

प्रश्न (iv) वक्ता उस वस्तु का प्रयोग किस लिए करना चाहता था? वह उसका प्रयोग क्यों नहीं कर पाया?

प्रश्न 5. निम्नलिखित अवतरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखो:-

"वर्षा के अनंतर एक-दो दिन में ही पृथ्वी के ऊपर का पानी तो अगोचर हो जाता है, परन्तु भीतर ही भीतर उसकी आर्द्रता जैसे बहुत दिन तक बनी रहती है, वैसे ही उसके अंतस्तल में वह शोक जाकर बस गया था।"

('काकी')

प्रश्न (i) 'उसके' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है। उसकी मनोदशा का वर्णन कीजिए।

प्रश्न (ii) 'असत्य के आवरण में सत्य बहुत दिनों तक छिपा न रह सका' — श्यामू को किस सत्य का कैसे पता चला? इससे उस पर क्या असर पड़ा?

प्रश्न (iii) 'काकी' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न (iv) 'काकी' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

(सभी छात्र इस कार्य को अपनी - अपनी साहित्य की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।)

धन्यवाद।

[अंतिम पृष्ठ]